E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–28/2023......652/ 10/08/2023
आदेश

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री सुबोध कमार (Emp. ID No.- AEN02137), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–1336 दिनांक–07.02.2023 के विरूद्ध दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री सुबोध कमार को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ईमेल द्वारा दी गई। निर्धारित तिथि 13.06.2023 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपना मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

आरोपित से संबंधित संचिका में रक्षित अभिलेख तथा साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि आरोपित के द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का प्रमाण–पत्र सत्यापन हेतु निदेशालय के पत्रांक–4502 दिनांक–13.12.2022 द्वारा निबंधक, Sangai International University, Manipur को प्रेषित किये गये है।

उक्त प्रेषित पत्र के आलोक में निबंधक, Sangai International University, Manipur द्वारा अपने पत्रांक SIUM/VERI/CERTI/2259/2022 दिनांक–20.12.2022 द्वारा संसूचित किया गया है कि भेजे गये शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की पुष्टि इनके विश्वविद्यालय के अभिलेख में नहीं है। ("Could not be verified genuinely in our University official Records. The certificated produced by the above mentioned candidates are **not issued** by our University is true and correct.")

विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–1152 दिनांक–23.01.2023 द्वारा आरोपित से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि सत्यापन के क्रम में विश्वविद्यालय के द्वारा किसी प्रकार का लिपिकीय भूल के कारण प्रमाण–पत्र को गलत बताया गया है। प्रमाण–पत्रों की पुनः जाँच कर ली जाय तथा साक्ष्य के रूप में आवेदक द्वारा तथाकथित सही प्रमाण–पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराई गई है।

अपील अभ्यावेदन एवं निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश के अवलोकन से स्पष्ट है कि निदेशालय द्वारा जिस पत्र से सत्यापन प्रतिवेदन की मांग की गई, उसके जबाव में विश्वविद्यालय द्वारा आरोपित के प्रमाण–पत्र को फर्जी एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत नहीं बताया गया, जबकि आरोपित के द्वारा दायर अपील में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक–07.02.2023 को अपने प्रमाण–पत्र के सत्यापन हेतु पुनः ई–मेल के माध्यम से शुद्धि पत्र भेजे जाने की सूचना प्रस्तुत की गई है, जो विरोधाभाषी है।

उक्त विवेचना के आलोक में स्पष्ट है कि आरोपित फर्जी डिग्री पर जालसाजी कर नियोजन प्राप्त करने में कामयाब हो गये है। फलतः निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आदेश सं0–1336 दिनांक–07.02.2023 में किसी प्रकार कि हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री सुबोध कमार (Emp. ID No.- AEN02137), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बेगूसराय का अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–28 / 2023.....6521.........**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– श्री सुबोध कमार (Emp. ID No.- AEN02137), (संविदा समाप्त) पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय, Email- sknisk7280@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

18/8/23

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–28 / 2023.....6521.........**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

18/8/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–28 / 2023.....6521.........**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– संबंधित स्थापना सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/8/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–28 / 2023.....6521.........**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

18/8/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–28 / 2023.....6521.........**पटना, दिनांक :–**18/08/2023

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/8/23

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप